मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–**cm-540**
**01/12/2022**

# सब जूनियर कॉमनवेल्थ चैंपियनशिप में 6 स्वर्ण पदक जीतने पर मुख्यमंत्री ने सुश्री कृति राजसिंह को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं

पटना, 01 दिसम्बर 2022 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने सब जूनियर कॉमनवेल्थ चैंपियनशिप की वेट लिफ्टिंग स्पर्द्धा में 6 स्वर्ण पदक जीतनेवाली बिहार की खिलाड़ी सुश्री कृति राजसिंह को बधाई एवं शुभकामनायें दी हैं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

मुख्यमंत्री ने सुश्री कृति राजसिंह को अपनी शुभकामनायें देते हुये कहा है कि वेट लिफ्टिंग के प्रति उनके जुनून और दृढ़ संकल्प ने ही आज उन्हें इस मुकाम पर पहुॅचाया है। उनकी इस जीत से पूरा प्रदेश गौरवान्वित है। वे निरंतर प्रगति के शीर्ष पर पहुँचें और राज्य एवं देश का नाम रौशन करती रहें, ऐसी मेरी कामना है।

******